ST. MARY'S ENGLISH SCHOOL
SHEIKHPURA ROAD, BARBIGHA (SHEIKHPURA) BIHAR- 811101
AFFILIATED TO C.B.S.E (NEW DELHI), AFFI. NO:- 330509, SCHOOL CODE- 65518
Website- www.stmarysbarbigha.edu.in e-mail- stmarysbarbigha2003@gmail.com
Help Line : 9934344676, 9473223044, 9473223055

# सूचना

आप सभी छात्र/छात्राओं एवं अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि विद्यालय में ''ग्रीष्मावकाश'' "Summer Vacation" दिनांक– **22 मई 2025 से 21 जून 2025** तक रहेगी। विद्यालय में पुनः पठन–पाठन का कार्य दिनांक– **23 जून 2025** से समयानुसार संचालित होगी।

## छात्र/छात्राओं के लिए निर्देश

छात्र/छात्राओं को मालूम हो कि विद्यालय "Summer Vacation HomeWork" को वेबसाईट– **www.stmarysbarbigha.edu.in** पर अपलोड कर दिया गया है। इसलिए यदि कोई विद्यार्थी किसी आवश्यक कार्य से विद्यालय में छुट्टी होने के पहले चले जाते है जिसके कारण वैसे विद्यार्थियों को "Holiday Home-work" नहीं मिल पाता है तो वैसे विद्यार्थी इंटरनेट के माध्यम से अपने वर्ग से संबंधित "Holiday Home-work" को स्कूल के बेबसाईट पर जाकर **Information menu** पर Click कर **Sub-menu "Holiday Homework"** पर क्लिक कर अपने वर्ग का चयन कर Home Work को डाउनलोड करें। तदुपरांत दिए गए कार्य को पूरा कर **23 जून 2025** को अपने वर्ग में उपस्थित होकर विषयवार शिक्षको से अपने Home-Work की जाँच करवा लें। यदि कोई विद्यार्थी Holiday Home-Work समय से पहले पूरा कर लेते है तो वैसे विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे General Knowledge और Reasoning का विशेषरूप से तैयारी करलें ताकि इंटरनेशनल/नेशनल ओलम्पियाड परीक्षा या विद्यालय के द्वारा आयोजित होने वाले क्यूज प्रतियोगिता में General Knowledge और Reasoning के प्रश्नों का जबाब आप आसानी से दे सकेंगें।

## अभिभावकों के लिए आवश्यक सुझाव

आप सभी अभिभावकों से निवेदन है कि आप अपने बच्चो को "Holiday Home Work" पूरा करने के लिए नियमित रूप से प्रोत्साहित करें ताकि आपका बच्चा/बच्ची पुनः **23 जून 2025** को जब अपने वर्ग में उपस्थित हो तो उसका "Holiday Home-Work" पूरा हो। इस छुट्टी में आप अपने बच्चों के लिए विशेष Routine तैयार करें जिसमें यह अंकित हो कि उसे कितने समय में उठना है, कितने समय तक पढ़ना है, कितने समय तक खेलना है आदि, सभी कार्य को समयानुसार करवाने का भरसक प्रयास करें ताकि छुट्टी के बाद बच्चों में आलस न रहें। वे सभी कार्यो को समयानुसार करने के लिए अनुकुलित रहे। प्रायः ऐसा देखा गया है कि छुट्टी के दिनों में अभिभावक बच्चों के ऊपर विशेष ध्यान नहीं दे पाते है। जिससे बच्चों की कार्यशैली में काफी परिवर्तन आ जाता है जिसके फलस्वरूप अभिभावकगण को विद्यालय में पुनः पठन–पाठन का कार्य शुरू होने पर बच्चों द्वारा शैक्षणिक और गैर–शैक्षणिक कार्यो को समयानुसार करवाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**नोटः– आप अभिभावको से निवेदन कि यदि आप अपने परिवार के साथ कोई प्रोग्राम (जैसे– विवाह कार्यक्रम आदि) तय करते है तो उससे पहले आप स्कूल के कैलेंडर में दिए गए परीक्षा तिथि की जाँच अवश्य करलें। विद्यालय सत्र–2025–2026 का Tentative Schedule Plan अपने वार्षिक कैलेंडर में अंकित कर दिया है।** आप सभी छात्र/छात्राओं एवं अभिभावकों को ''ग्रीष्मावकाश'' "Summer Vacation" की हार्दिक शुभकामनाएं।

**प्राचार्य–**
**संत मेरिस इंग्लिश स्कूल, बरबीघा (शेखपुरा)**